# COLLEGE OF VETERINARY AND ANIMAL SCIENCE, BIKANER

क्रमांक वीसीबी / लेखा / क्रय / 2024–25 / 719-724 दिनांकः– 12/8/2024

M/s Mohan & Company
Purani Ginani, Bikaner

विषयः– स्वतंत्रता दिवस समारोह / गणतंत्र दिवस समारोह व राजुवास / महाविधालय बीकानेर में अन्य समारोह हेतु लाईट डेकोरेशन के कार्य हेतु दर संविदा के संबंध में ।

महोदय,

उपरोक्त विषय की दर संविदा (खुली प्रतियोगी बोली सूचना स0 06 / 2024–25 (क्रमांक 625 दिनांक 31.07.2024) के अन्तगर्त आपके द्वारा प्रस्तुत निविदा व दरों पर निगोशियसन के पश्चात आपकी स्वतंत्रता दिवस समारोह / गणतंत्र दिवस समारोह व राजुवास / महाविधालय बीकानेर में अन्य समारोह हेतु लाईट डेकोरेशन के कार्य हेतु गठित कमेटी की सिफारिशानुसार निविदा में वर्णित शर्तो के अनुसार आपके पक्ष में निम्न प्रकार से दरें अनुमोदित की जाती है :–

| S.No. | Items | दर समस्त प्रकार के कर सहित(In Rupees) |
|---|---|---|
| I. | मेटल लाईट 400 वॉट | Rs. 30/- प्रति नग प्रति दिन |
| II. | हाईलोजन लाईट 1000 वॉट | Rs. 9/– प्रति नग प्रति दिन |
| III. | हाईलोजन लाईट 500 वॉट | Rs. 8/– प्रति नग प्रति दिन |
| IV. | नीवार पटटी बल्ब वाली बल्ब 6.2 वॉट | Rs. 6/– प्रति मीटर प्रति दिन |
| V. | डी मेक्स लाईट 150वॉट | Rs. 16/– प्रति नग प्रति दिन |
| VI. | बल्ब माला (60 बल्ब की एक माला) | Rs. 1/- प्रति मीटर प्रति दिन |
| VII. | गमला लाईट | Rs.10/- प्रति नग प्रति दिन |
| VIII. | स्टेण्ड लेम्प 200 वॉट | Rs. 10/- प्रति नग प्रति दिन |
| IX. | स्टार बल्ब वोल्टेज 150वॉट रनिंग | Rs. 0.90 प्रति नग प्रति दिन |

निविदा की शर्ते :–

1. लाईट डेकोरेशन में काम आने वाला साभान अच्छी गुणवत्ता का होना चाहिए ।
2. फर्म के बिल में से नियमानुसार जीएसटी एंव आयकर की कटौती की जावेगी ।
3. फर्म को आदेशानुसार एवं प्रभारी भवन के निर्देशानुसार कार्य करना होगा एवं समस्त कार्य कार्यक्रम तिथि से एक दिवस (24घण्टे) पूर्व तक पूर्ण करना होगा। कार्यदेश में अकिंत सामाग्री की मात्रा स्थान का अवलोकन करने के पश्चात प्रभारी भवन के निर्देशानुसार तय की जायेगी।
4. उक्त दरों में जीएसटी, सभी प्रकार के सामान का किराया एवं उसका लाना, लगाना तथा समारोह के पश्चात सामान को हटाना व वापिस ले जाना इत्यादि सभी कार्य शामिल है, सभी सामान की सुरक्षा एवं उसकी चौकीदारी की जिम्मेवारी भी अनुमोदित फर्म की होगी, इस हेतु किसी प्रकार की कोई व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा नही की जायेगी अथवा अतिरिक्त भुगतान भी नही किया जायेगा।
5. फर्म को सभी प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं जैसे धुप,तेज वर्षा,हवा, आंधी इत्यादि की सम्भावना को ध्यान में रखते हुए लाईट डेकोरेशन का कार्य करना होगा ताकि समारोह के दौरान एकाएक किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो कार्य के दौरान फर्म के कार्यकर्ता / तकनिकी स्टाफ केम्पस में ही मौजूद रहेगे, जिन्हे प्रभारी भवन के मार्ग दर्शन के अनुसार कार्य करना होगा।
6. समस्त वायरिंग आवश्यकतानुसार पूरे केम्पस में पूर्ण सुरक्षात्मक तरिके से दक्ष (अनुभवी) पजीकृत विद्युतकर्मी के द्वारा सभी मापदण्डों को ध्यान में रखते हुए अनुमोदित फर्म को ही सुनिश्चित करनी होगी। समस्त वायरिंग को सावधानी पुर्वक लगाना होगा। लाईटे निर्धारित स्थान पर दक्ष (अनुभवी) पजीकृत विद्युतकर्मी के द्वारा लगाई जायेगी । किसी प्रकार की दुर्धटना की जिम्मेवारी अनुमोदित फर्म की होगी।

क्रमशः-2

7. समारोह की व्यवस्था एवं समारोह के दौरान अनुमोदित फर्म अथवा उसके प्रतिनिधि की गलती से विश्वविद्यालय को किसी प्रकार की क्षति/आर्थिक हानि होती है तो उसकी वसूली अनुमोदित फर्म को देय भुगतान में से की जायेगी ।
8. कार्यदेश में अंकित सामग्री प्रभारी भवन के आदेश देने के पश्चात कार्यक्रम की निर्धारित तिथि से 02 दिवस पूर्ण निर्धारित स्थान पर सामान पहुँचाकर कार्य प्रारंभ कर एवं निर्धारित अवधि में व्यवस्था करनी होगी। सामग्री उतारने व लगाने में कोई दुर्घटना, चौरी आदि से हुई हानि की जिम्मेदारी अनुमोदित फर्म की होगी। उचित यही होगा कि फर्म लाईट सामग्री आदि का बीमा अपने स्तर पर करवा ले। इसके लिये महाविद्यालय द्वारा कोई राशि देय नही होगी।
9. अनुमोदित फर्म को कार्य आदेश जारी किया जायेगा तथा प्रभारी भवन के आदेशानुसार लाईट डेकोरेशन का कार्य करना होगा ।
10. यदि अनुमोदित फर्म आदेश के अनुसार उक्त आईटमस की सप्लाई/सजावट नही कर सका तो लाईट डेकोरेशन का कार्य अन्य व्यापारी/फर्म से कार्य करवा लिया जायेगा। लाईट डेकोरेशन का कार्य अन्य व्यापारी/फर्म से कार्य करवाने पर यदि विश्वविद्यालय को अधिक भुगतान करना पड़ा तो अधिक भुगतान की गई राशि फर्म के बिल में से अथवा **performance security** के रूप में जमा राशि में से वसूल कर ली जावेगी ।
11. बोली प्रतिभूति एवंम **performance security** निम्न अवस्थाओं में जब्त कर ली जावेगी :-
    अ. यदि अनुमोदित फर्म द्वारा लाईट डेकोरेशन का कार्य निर्धारित समय में कार्य नहीं किया जाता है।
    ब. यदि अनुमोदित फर्म के विषय में अन्य कोई शिकायत रही या आदेश का उल्लघंन किया गया ।
    स. निर्धारित अवधि में अनुबंध नही करता है ।
12. लाईट डेकोरेशन का सामान/कार्य अच्छी गुणवत्ता का होना चाहिए । गुणवत्ता निम्न पायी गई तो सामग्री को अस्वीकार कर दिया जायेगा इस प्रकार अस्वीकार सामग्री को तुरन्त हटानी होगी ।
13. सप्लाई/कार्यअवधि/तादात कम या अधिक करने का अधिकार अधिष्ठाता पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर को होगा ।
14. अनुमोदित फर्म को रू0. 500/- के नॉन ज्यूडिसियल स्टाम्प पर इस आदेश की जारी होने की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर अनुबंध करना होगा
15. उक्त कार्य की अनुमानित लागत रू0. 6,00,000/- का 5 प्रतिशत कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि रू0. 30000/- होगी । निविदा के साथ जमा कराई गई बोली प्रतिभूति राशि रू0 12000/- को कार्य सम्पादन प्रतिभूति के रूप में समायोजित की जाती है तथा शेष कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि रू0 18000/- नगद/बैकर चैक/डीडी के द्वारा इस पत्र के जारी होने की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर और जमा करवानी होगी ।
16. उक्त निविदा की दरें दर अनुमोदन आदेश जारी होने की तिथि से एक वर्ष तक मान्य होगी तथा आवश्यकतानुसार निविदादाता की सहमति से बढाई जा सकेगी ।
17. बोली प्रतिभूति/ **performance security** पर कोई ब्याज देय नहीं होगा ।
18. उपरोक्त शर्तों के अलावा राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविधालय, बीकानेर की सामान्य निविदा शर्तें व आरटीपीपी एक्ट 2012 व नियम 2013 भी लागू होंगे ।

भ व दी य

(ए0पी0सिंह)
अधिष्ठाता

प्रतिलिपिः-

1. वित्त नियंत्रक महोदय/कोषाधिकारी,राजुवास, बीकानेर ।
2. प्रभारी, भवन, सी.वी.ए.एस., बीकानेर ।
3. नोडल अधिकारी, नीसाजीनेट/एसएसपीपी, राजुवास, बीकानेर ।
4. सहायक लेखाधिकारी/बिल क्लर्क/कैशियर/चैक राईटर, सी.वी.ए.एस., बीकानेर ।

(ए0पी0सिंह)
अधिष्ठाता